किशनगढ़ बास का पिंक मॉडल पोलिंग बूथ बना आकर्षण का केंद्र

किशनगढ़ बास। किशनगढ़ बास में मॉडल पोलिंग बूथ आकर्षण का केंद्र रहा। मतदान केंद्र पर सुबह करीब 8 बजे पहुंचे भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह यादव ने पोलिंग बूथ पर बने सेल्फी प्वाइंट में खडे होकर फोटो खिंचवाई व सोशल मीडिया पर अपलोड कर बढ़ाना है अलवर का मान करके शत् प्रतिशत मतदान मैं हूं जागरूक मतदाता का संदेश दिया। भाजपा कांठोस बसपा प्रत्याशीयों सहित विधायक अपने अपने क्षेत्र में दौरे पर रहे और मतदान के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते रहे।

किशनगढ़ बास पहुंचे भूपेंद्र यादव के साथ पूर्व विधायक रामहेत यादव ने किशनगढ़ बास के मॉडल बूथ पर अपना मतदान कर एक जागरूक मतदाता होने का संदेश लोगों को दिया। मतदान केंद्र पर भूपेंद्र यादव ने मतदान कक्ष का भी अवलोकन किया। इस मॉडल बूथ पर सेल्फी प्वाइंट के साथ रंगोली बनाकर पिंक बूथ की सजावट की गई। मतदान के लिए आ रहे मतदाताओं का स्वागत राजस्थानी वेशभूषा में बैठे शहनाई वादन शहनाई बजाकर करते दिखाई दिए। स्वागत गेट पर लिखा था पधारो म्हारे बूथ।

किशनगढ़ बास के पधारो म्हारे बूथ पर बने सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने फोटो खिचवा कर सोशल मीडिया पर अपलोड की

- मतदान केंद्र का अवलोकन करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने मॉडल पोलिंग बूथ पर बने सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाकर की सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड

मतदान करने पहुंचे महिला पुरुष के साथ साथ बच्चों में सेल्फी पॉइंट पर फोटो खींचने की होड़ लगी थी। पिंक पोलिंग बूथ पर सजाई गई अलवर बाला किला व मूसी महारानी की छतरी मतदान के लिए आने वालों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला एसपी मनीष कुमार एसडीएम मूलचंद लूणिया अतिरिक्त जिला कलेक्टर सहित पुलिस अधिकारी बराबर क्षेत्र में नजर बनाए रहे।

किशनगढ़ बास के बास कृपाल नगर श्याम मंदिर पर हर वर्ष भरने वाले मेले में किशनगढ़ बास सहित आसपास के गांव से हजारों की संख्या में महिला पुरुष युवा सुबह 7 से ही पैदल समूह जत्थे के साथ निशान यात्रा में शामिल होने के कारण सुबह 11 तक मतदान बूथ पर मतदान करने आने वालों की संख्या में कमी रही। श्याम बाबा के दर्शन करने के बाद लोग मतदान केंद्र पर पहुंचे और मतदान किया। दिनभर मतदान केंद्रों के बाहर अलग-अलग पार्टी के लगे बूथ पर लोग प्रत्याशियों की हार और जीत का आकलन लगाने में मशगूल रहे।

अलवर जिला इलेक्शन कमिशन की दोपहर 3 बजे तक की पोलिंग प्रतिशत मतदान तिजारा 45.12 किशनगढ़ बास 45.98 मुंडावर 40.04 बहरोड 39.48 अलवर ठाामीण 42.44 अलवर शहर 45.22 रामगढ़ 47.72 और राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ में 39.91 प्रतिशत रही। कुछ मतदान केंद्रों पर मशीन की तकनीकी खराबी के कारण व्यवधान आने पर प्रशासन ने तुरंत मशीन बदलकर मतदान को व्यवस्थित कराया गया।

सार-समाचार

बाडे से बकरियां चोरी

निवाई । बरोनी थानान्तर्गत के गांव सींदरा में एक बाडे से दो दिन तक लगातार बकरियां चोरी होने की घटना घटित हुई है। इस मामले में पीडित ने बरोनी थाने में चोरी का मामला दर्ज करवाया है। पीडित राजकुमार पुत्र प्रभुदयाल बलाई निवासी सींदरा ने रिपोर्ट में बताया कि 17 अप्रेल की रात को 8 बजे उसके बाडे से चोर बकरा चुराकर ले गए। इसी प्रकार 18 अप्रेल की रात करीब 9 बजे चोर बाडे में बंधी हुई दो बकरियां चुराकर ले गए। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

हनुमान जन्मोत्सव पर होगी भजन संध्या

पीपलू । कस्बे के कुट वाले बालाजी के 23 अप्रेल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। साथ ही झांकी सजाई जाएगी। इस अवसर पर श्रैयांश अठावाल, मुकेश वैष्णव, पवन लक्षकार, हनुमान मोरी, पवन सेन, अंकित मोरी व सन्मति नकटा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

पैदल यात्रा 20 को

पीपलू । उपखंड के ठााम पंचायत सन्देङा के फार्म से हर माह जाने वाली श्री कल्याण महाराज की 19 वीं पैदल यात्रा 20 अप्रैल को संकटमोचक हनुमान मंदिर से सुबह 6 बजे संकीर्तन के साथ रवाना होगी। यह जानकारी यात्रा समिति के सदस्य पूर्व सरपंच नाथूलाल चौधरी ने दी।

राहुल सैनी जिलाध्यक्ष नियुक्त

टोंक। जिला माली (सैनी) समाज टोंक जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी ने शुक्रवार को अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता व नगर परिषद, टोंक के पार्षद राहुल सैनी को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी ने बताया कि गत दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नही होने के चलते वो ज्यादा भाग दौड़ करने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष मोरी ने पार्षद राहुल सैनी द्वारा सामाजिक कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भागीदारी और समाज के प्रति निष्ठा और लगन को देखते हुए अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर राहुल सैनी को टोंक जिला माली (सैनी) समाज का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

कृष्णा वैष्णव ने कराया नाम दर्ज

टोंक। डॉक्टर जयराज वैष्णव की 8 साल की पुत्री कृष्णा वैष्णव, जो की विट्टी इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 3 की छात्रा है, अपनी संगीत की प्रारंभिक शिक्षा डॉ. दीपेश विशनावत से ले रही है, गत वर्ष कृष्णा ने 7 साल की उम्र में आदित्य हृदय स्त्रोतम के 31 श्लोक को का 2 मिनट 18 सेकंड में पाठ करके इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया था। इस प्राणदायक शक्तिशाली भगवान सूर्य को समर्पित आदित्य हृदय स्त्रोत का म्यूजिक एल्बम 17 अप्रैल को कृष्णा वैष्णव यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया। इसमें संगीत सैफनी स्टूडियो के निकेश सिंह ने दिया है मिक्सिंग अमरीश पंवार ने की है और वीडियो शूट दीपक पंवार ने किया है ।

भण्डारे का आयोजन

कोटपूतली। स्वयंसेवी संस्था आओ साथ चलें द्वारा कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में आयोजित किये जा रहे प्रसादम अभियान में शुक्रवार को कोटा निवासी हंसराज पुत्र भागीरथमल मित्तल ने अपने जन्मदिवस पर भण्डारे का आयोजन किया। इस दौरान केक काटकर घुमंतू जाति के बच्चों को वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि संगठन के राष्ट्रीय संयोजक विष्णु मित्तल की पहल पर गत 05 जुला 2019 से उक्त अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय संयोजक आनंद मित्तल ने बताया कि अभियान में लोग जन्मदिवस, पुण्यतिथि, वर्षगांठ सहित अन्य उल्लेखनीय दिवसों पर स्वयं की ओर से भण्डारे का आयोजन कर रहे हैं। उक्त अभियान को क्षेत्रवासियों की काफी सराहना मिल रही है। साथ ही बडी संख्या में लोग भी इससे जुड रहे हैं।

समारोह 21 अप्रेल को

दूदू । जिले के अधीन महला जोबनेर मार्ग पर स्थित ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय में आगामी 21 अप्रेल रविवार को आयोजित ज्योति उत्सव वूमन आईकॉन अवार्ड 2024 समारोह में राज्यपाल कल राज मिश्र मुख्य अतिथि होंगे । यह जानकारी जिला कलेक्टर दूदू हनुमान मल ढाका ने दी।

मूलभूत सुविधाओं का अभाव

दूदू । नव गठित जिला मुख्यालय दूदू पर नगर परिषद प्रशासन द्वारा गत 6 माह पूर्व स्वीकृत 8 करोड़ 82 लाख 41000 की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास हो जाने के बाद कार्य चालू नहीं होने के कारण आम जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहकर परेशानी का सामना करना पड रहा है । नगर परिषद द्वारा पार्षदों के साइन बोर्ड 24 लख रुपए की लागत तथा 90 लख रुपए की राशि से स्वीकृत नरेना मौजमाबाद सीसी रोड कार्य चालू कर इति श्री कर ली गई आम जन को मूलभूत सुविधा पेयजल से भी वंचित रहकर300 प्रति टैंकर पानी का खरीद कर पीने का मजबूर होना पड रहा है ठाम पंचायत दूदू से गज सरकार द्वारा 8 अगस्त 2023 को नगर पालिका एवं 16 अगस्त 2023 को नगर परिषद का दर्जा दिया गया के साथ ही जिला घोषित किया गया के पश्चात पूर्व विधायक बाबूलाल नागर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत परिसर में विशाल समारोह आयोजित किया जाकर कार्यों का शिलान्यास किया गया जिला बनने पर आम जनता में खुशी की लहर छा गई नगर परिषद सभापति कमलेश चौधरी की अध्यक्षता में नगर परिषद द्वारा स्वीकृत 38 कार्य जिनमें सीसी सडक व नाली निर्माण कार्य के साथ सेल्फी प्वाइंट विभिन्न मोक्ष धाम पार्क सार्वजनिक स्थान में प्रीकास्ट आर सी सी बेंच मुख्य सडकों पर पोर्टल निर्माण एलईडी लाइट की आपूर्ति फिक्सिंग कार्य विभिन्न वार्डों में हाई मास्क लाइट लगाने एवं अन्य कार्यों का शिलान्यास किया गया 6 माह बीत जाने के बाद मात्र मौजमाबाद रोड एवं जनप्रतिनिधियों के साइन बोर्ड लगाए गए हैं नरेना रोड का कार्य वर्तमान में चालू है।

स्याही का निशान दिखाने पर दी जाएंगी विशेष छूट

टोंक। लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद अंगुली पर लगी अमिट स्याही दिखाने पर टोंक शहर के 24 प्रमुख प्रतिष्ठान 5 से लेकर 30 प्रतिशत तक की छूट देंगे। यह छूट शनिवार, 27 अप्रैल को लागू रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा की पहल पर श्री व्यापार महासंघ टोंक ने यह नवाचार किया है। इनमें मैट्रर्स, चांदी एवं सोने की खरीद, कूलर, कॉस्मेटिक उत्पाद, एलईडी टीवी, सैनेट्री उत्पाद, फूड एवं कोल्डड्रिक्स, किराणा सामान, जूते, सैंडल एवं स्लिपर, मोबाईल सामान, मिठाई, ई-रिक्शा, बैटरी, कपड़े शामिल है। गुरुवार को श्री व्यापार महासंघ टोंक के अध्यक्ष मनीष बंसल ने 24 प्रतिष्ठानों के छूट का ऑफर लेटर सौंपा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने कहा कि मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए चलाई जा रहे अभियान की श्रृंखला में व्यापार महासंघ टोंक द्वारा किये जा रहे नवाचारों के सकारात्मक परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि इससे मतदाता प्रेरित होंगे और मत प्रतिशत में वृद्धि होगी। श्री व्यापार महासंघ टोंक के अध्यक्ष मनीष बंसल ने कहा कि टोंक के उद्यमी एवं व्यापारी नवाचार के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह ऑफर एक दिन के लिए रखा गया हैं। टोंक शहर के इन प्रतिष्ठानों में रहेगी विशेष छूट स्पेस फर्नीचर सिविल लाइन, अग्रवाल ज्वैलर्स सुभाष बाजार, रवि इलेक्ट्रोनिक कचहरी दरवाजा, गुरुदेव जनरल स्टोर पुरानी टोंक, गुरुदेव गैलेरी पुरानी टोंक, अनुपम ऑडियों-विजन न्यू बस स्टैण्ड टोंक, मिहिर इलेक्ट्रोनिक्स न्यू बस स्टैंड, स्वाती ट्रेडर्स छावनी, चंदलाई वॉटर पार्क चंदलाई, आस्ता होटल नेशनल हाईवे, मंगल स्टेशनरी हॉस्टिपल रोड, कमल कुमार-विमल कुमार किराणा मर्चेंट घंटाघर, मुनव्वर बूट हाउस कचहरी दरवाजा, बाटा शू पैलेस कचहरी दरवाजा, सरसा गोल्ड, हरीश मोबाईल सुभाष बाजार, जैन म्यूजिक मोबाईल मर्चेंट बड़ा कुआ, न्यू जोधपुर स्वीट कॉर्नर सुभाष बाजार एवं कलेक्ट्रेट के सामने, अग्रवाल मिष्ठान भंडार नगर परिषद के सामने, ओएमएस ऑटो मैसी शौरूम सवाई माधोपुर रोड, धनश्री इंटरप्राइजेज सवाई माधोपुर रोड, एसआर टैक्सटाईल्स सुभाष बाजार एवं रिधि श्री सौलर आईडीबीआई बैंक के पास पर विशेष छूट दी जाएगी।

'लोकतंत्र में मतदान करने का सभी को है अधिकार'

निवाई । लोकसभा चुनाव को लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया के निर्देशानुसार अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट व राजस्व अधिकारी नवरतन शर्मा के सानिध्य में नगरपालिका द्वारा शहर में जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान करने का सभी को अधिकार है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व में भागेदारी निभाएं। उन्होंने लोगों को उनके मताधिकार का उपयोग कर वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जमात में अटल पार्क के बाहर ढोल बजाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक मनीष गौर, सहायक अभियंता चंद्रप्रकाश मीना, कनिष्ठ अभियंता राज राणावत, कनिष्ठ अभियंता पप्पूलाल मीना, सहायक अठिशमन अधिकारी राजेन्द्रकुमार मीणा, वरिष्ट सहायक हरीश मीणा, कनिष्ट सहायक पवन वर्मा, फायर मैन अजय यादव, हनुमान गुर्जर, राकेश मीणा, शहरी रोजगार सहायक सुरभी गौतम व पूनम शर्मा सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

- नगरपालिका द्वारा शहर में जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया गया

लोकसभा चुनाव को लेकर जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

कोटपूतली में 53.17 फीसदी मतदान

कोटपूतली। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जयपुर ग्रामीण सहित प्रदेश की 12 लोकसभाओं पर प्रथम चरण में शुक्रवार को वोट डाले गये। यहां 53.17 फीसदी मतदान किया। जयपुर ग्रामीण की कोटपूतली विधानसभा में मतदान प्रक्रिया तो शांतिपूर्ण रही, लेकिन विगत वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कुल 8.77 प्रतिशत वोट कम डाले गये। गौरतलब है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कोटपूतली विधानसभा में 02 लाख 08 हजार 855 मतदाताओं में से 01 लाख 29 हजार 361 मतदाताओं ने अपने अधिकार का उपयोग करते हुये कुल 61.94 प्रतिशत मतदान किया था।

जो कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से 03 प्रतिशत ज्यादा था। लेकिन इस बार कोटपूतली विधानसभा के 02 लाख 28 हजार 201 मतदाताओं में से 01 लाख 21 हजार 334 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर कुल 53.17 प्रतिशत मतदान किया। जो कि विगत 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 8.77 प्रतिशत कम है। पोलिंग के दौरान मतदान केन्द्रों पर स्थानीय पुलिस के अलावा 48 संवेदनशील केन्द्रों पर बीएसएफ, आरएसी व हरियाणा पुलिस के जवान भी तैनात रहे। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, एसपी वंदिता राणा, उप निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बृजेश चौधरी, सहायक निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार सौरभ गुर्जर, एएसपी नेमसिंह, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, एसएचओ राजेश शर्मा, सरूण्ड एसएचओ इमरान खान, पनियाला एसएचओ बाबूलाल मीणा मय जाप्ते के निरन्तर मॉनीटरिंग करते नजर आये। साथ ही कोटपूतली विधानसभा के संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी की गई । मतदान केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में राजनैतिक दलों को पोलिंग बूथ नहीं लगाने दिये गये। वहीं संवेदनशील 112 बूथों को सीधे वेब कास्टिंग से जोड़ा गया था। ऐसे बूथों पर अतिरिक्त जाप्ता तैनात कर विशेष मॉनीटरिंग करवा ग । वेब कास्टिंग से जुड़े बूथों का सीधा प्रसारण कन्ट्रोल रूम में कर टीमों द्वारा नजर बना रखी ग । ऐसे बूथों पर यह भी लिखा गया था कि आप कैमरे की नजर में है। निर्वाचन विभाग के अनुसार कोटपूतली विधानसभा के 226 बूथों पर प्रात: 09 बजे तक 23 हजार 932 मतदाताओं ने वोट डालकर कुल 10.49 प्रतिशत, प्रात: 11 बजे तक 44 हजार 195 मतदाताओं ने वोट डालकर 19.37 प्रतिशत, दोपहर 01 बजे तक 65 हजार 744 मतदाताओं ने वोट डालकर 28.81 प्रतिशत, दोपहर 03 बजे तक 81 हजार 883 मतदाताओं ने वोट डालकर 35.88 प्रतिशत, शाम 05 बजे तक 01 लाख 05 हजार 775 मतदाताओं ने वोट डालकर 46.35 प्रतिशत व पोलिंग खत्म होने पर शाम 06 बजे तक 01 लाख 21 हजार 334 मतदाताओं ने वोट डालकर 53.17 प्रतिशत मतदान किया। चूंकि पोलिंग पार्टीयां रात्रि को ही मतदान केन्द्रों पर पहुंच ग थी। जिसके चलते पोलिंग पार्टीयां प्रात: 05 बजे ही एक्टिव हो ग । प्रात: 05 बजे सैक्टर मजिस्ट्रेट को रिटर्निंग कार्यालय से रिजर्व वीएम उपलब्ध करवाकर 05.30 बजे से मॉक पोल शुरू करवाया गया। पोलिंग प्रतिशत कम रहने का कारण भीषण गर्मी व प्रत्याशियों की निष्क्रियता के साथ-साथ आमजन की चुनाव में रूचि कम होना, शादी-ब्याह का मौसम व फसलों की कटा के समय को भी माना जा रहा है। हालांकि दोपहर में गर्मी के चलते अल सुबह ही लोग मतदान केन्द्रों पर वोट डालने के लिये पहुंच गये थे।

शत प्रतिशत करें मतदान : ओपी गुप्ता

निवाई । लोकसभा चुनाव को लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया के निर्देशानुसार रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता व प्राचार्या रेणू अठावाल के सानिध्य में सैंकडों छात्राओं ने शहर में वाहन रैली के माध्यम से लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अपने परिजनों व पडोसियों को मताधिकार का उपयोग कर वोट डालने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान सैंकडों छात्राओं ने जागरूकता वाहन रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। वाहन रैली को अतिथियों ने महाविद्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली शामिल छात्राएं मतदान के समर्थन में लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रही थी। रैली महाविद्यालय से रवाना होते हुए खंडदेवत रोड, दादुदयाल आश्रम, राधा दामोदरजी के कुण्ड, पुलिस थाना होते हुए अङ्कूषहसा सर्किल पंहुची। जहां पर छात्राओं ने सारा काम छोड दो पहले वोट दो सहित कई नारे लगाते हुए लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था सचिन बलराम कृष्ण शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेशकुमार टोडवाल, उप प्राचार्य दीपेंद्रसिंह, सहायक आचार्य दीपक चौधरी, अनीश खान, कविता वर्मा, तेजेश्वरी चौहान, कैलाशचंद विजयवर्गीय व रमेश गुर्जर सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

दौसा में पिछली बार के मुकाबले मतदान प्रतिशत कम रहा

दौसा लालसोट। दोसा लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन आयोग सहित जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान प्रतिशत बढे इसके लिए विभिन्न तैयारी को मूर्त रूप दिया था। विभिन्न माध्यमों से मतदान के प्रति मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए नवाचार भी किए गए थे, लेकिन इन लाख कोशिशें के बाद भी लोकसभा चुनाव के मतदान दिवस के दिन मतदाताओं ने मतदान के प्रति कोई खासी रुचि नहीं दिखाई। इस वजह से पिछली बार किया मुकाबला मतदान प्रतिशत कम रहा। दौसा लोकसभा क्षेत्र में पिछले दो चुनावों से बीजेपी का दबदबा है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के हरीश मीणा ने निर्दलीय डॉ. किरोडी लाल मीणा को शिकस्त देकर जीत हासिल की थी। दौसा में 55.57 फीसदी मतदान पड़ा। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जसकौर मीणा ने कांठोस की सविता मीणा को हराया था। ऐसे में बीजेपी हैट्रिक बनाने का दावा कर रही है। कांठोस को भी दौसा सीट से उम्मीद बंधी हुई है। इन आठों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 19 लाख 3 हजार 520 वोटर हैं। जिनमें 10 लाख 7 हजार 203 पुरुष, 8 लाख 96 हजार 313 महिला व 4 वोटर थर्ड जेंडर हैं। लोकसभा क्षेत्र में कुल 1965 मतदान केंद्र हैं, जिनमें ठाामीण मतदान केंद्र 735 तथा शहरी मतदान केंद्र 230 थे। दौसा लोकसभा सीट के लिए पहले चरण में मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ। दौसा लोकसभा क्षेत्र में शाम 5 बजे तक 45.63 प्रतिशत मतदान हुआ। दौसा में 41.41 प्रतिशत, बस्सी 43.41, चाकसू 39.97, बांदीकुई 41.12, सिकराय 37.85, महुवा 35.86, लालसोट में 32.77 प्रतिशत और थानागाजी में 34.90 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां दौसा में 49.39, बस्सी 51.78, चाकसू 47.36, बांदीकुई 47.75, सिकराय 45.33, महुवा 43.65, लालसोट 39.42, थानागाजी में 44.10 प्रतिशत मतदान किया गया। दोपहर 3 बजे तक 38.36 प्रतिशत मतदान हुआ। इससे पहले 1 बजे तक 31.29 वोटिंग हो चुकी थी। बांदीकुई 34.21 , बस्सी 34.96, चाकसू 34.21, दौसा 33.08, लालसोट 25.50, महुवा 29.56, सिकराय 30.65 और थानागाजी में 28.63 प्रतिशत वोटिंग हुई। इससे पहले सुबह 11 बजे तक 20.88 वोटिंग हुई। क्षेत्र के बांदीकुई में 23.02, बस्सी 24.10, चाकसू 23.58, दौसा 20.48, लालसोट 16.20, महुवा 20.17, सिकराय 20.04 और थानागाजी में 19.51 मतदान हुआ। सुबह 9 बजे तक 9.70 वोटिंग हुई। बांदीकुई 11.45, बस्सी 11.75, चाकसू 11.97, दौसा 8.30, लालसोट 7.11, महुवा 9.08, सिकराय 8.96 और थानागाजी में 9.40 फीसदी मतदान हुआ।सभी विधान सभाओं में विधायको ने वोट डालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया ।

डबल डेकर ट्रेन के आगे कुदकर की आत्महत्या

लालसोट। थाना क्षेत्र में खुद की भांजे की हत्या के आरोपी द्वारा पुलिस हवालात में आत्महत्या करने के बाद अब आत्महत्या करने वाले मामा के साले द्वारा भी शुक्रवार को डबल डेकर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली गई। अभी भांजे की हत्या के आरोपी मामा की चिता की आग ठंडी नहीं हुई थी कि तीसरे दिन ही भांजे की हत्या के आरोपी मामा के साले द्वारा भी खुद की जीवन लीला को समाप्त कर लिया गया। भांजे की हत्या के आरोपी मनोज मीणा के साले धर्मेंद्र मीना ने गुरुवार रात्रि को जगतपुरा रेलवे स्टेशन पर डबल डेकर ट्रेन के आगे कुदकर जान दे दी। उल्लेखनीय है कि मामी भांजे के अवैध संबंध से नाराज़ मामा मनोज मीणा ने अपने साले धर्मेंद्र मीणा के साथ मिलकर भांजे लोकेश मीणा को आठ रोज पूर्व मारकर मोरेल नदी में गड्ढा खोदकर गाढ़ दिया था। इस मामले को लेकर मृतक लोकेश मीणा के परिजनों ने लालसोट थाने में मामला दर्ज कराया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए लालसोट थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले का खुलासा किया था। हत्या के आरोपी मनोज मीणा को बुधवार को डिटेन कर हवालात में बंद किया था, जहां रात को भांजे की हत्या के आरोपी मामा मनोज मीणा ने हवालात में लगी जालीदार खिड़की में फंदा लगाकर कर जीवन लीला समाप्त कर ली थी। वहीं दूसरी ओर मामा के साथ भांजे की हत्या में शामिल साला धर्मेंद्र मीणा निवासी नारोली चोड सवाई माधोपुर ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी देते हुए जीआरपी के हेड कांस्टेबल शंकर लाल ने बताया कि धर्मेंद्र मीणा ने जगतपुरा रेलवे स्टेशन पर डबल डेकर ट्रेन के आगे साढ़े दस बजे कूदकर जान दे दी। रेलवे पुलिस ने परिजनों को सुचना कर परिजनों को शव की शिनाख्त करवाकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। अब इस प्रकरण में हो रही आत्महत्या को लेकर चर्चा का विषय है कि आखिर इस आत्महत्या का सिलसिला कब तक चलता रहेगा एवं यह आत्महत्या का सिलसिला कहां जाकर रुकेगा। वहीं पुलिस इस मामले को लेकर गहन तक जांच में जुटी हुई है एवं मामले की जड़ में जाकर पूरे मामले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

कलक्टर व एसपी ने विभिन्न बूथों का लिया जायजा

कोटपूतली । जिले में लोकसभा चुनाव भय मुक्त एवं निष्पक्ष सम्पन्न करवाने के लिए जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने विभिन्न पंचायतों में स्थापित मतदान बूथों का जायजा लिया। उन्होंने बूथों पर व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

जिला कलक्टर व एसपी ने कल्याणपुरा खुर्द, नवरंगपुरा, कांवर नगर, चानचकी बस्ती, गोपालपुरा, जयसिंहपुरा, नांगल चेचिका में स्थापित मतदान बूथों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिये। लोकसभा चुनाव में मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए उपस्थित आमजन एवं मतदान पार्टियों को आचार संहिता की पालना करने एवं बूथ के आसपास भीड़ भाड़ एकत्रित नहीं करने तथा बूथ के आसपास प्रचार नहीं करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने आमजन से शत्-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा मतदान स्थलों पर महिलाओं तथा बुजुर्गों के लिए अलग से ला न की व्यवस्था की ग है, गर्मी से बचने के लिए कूलर तथा पंखों का भी इंतजाम किया गया है। अत: अधिक से अधिक मतदान करे ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़े। इसके लिए उन्होंने युवा वोटरों से आगे आने की अपील की। एसपी ने कहा कि सभी बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहा है। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध है। लोग लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढकऱ भागीदारी निभा रहे है।

- बूथों पर व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिये आवश्यक निर्देश

कोटपूतली में विभिन्न बुथों का जायजा लेती जिला कलक्टर व एसपी।